http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

# MP BOARD CLASS 11 PAPER 2013

# पुस्तपालन एवं लेखाकर्म (बहीखाता) : कक्षा XI

**समय : 3 घण्टा ]** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश :** (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्र.1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 **अंक** निर्धारित है। कुल (5 + 5 + 5 + 5 + 5) अंक 25।

(iii) शेष सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(iv) व्यावहारिक प्रश्नों के लिए शब्द-सीमा का बन्धन नहीं है।

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 1. सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—** 5

(i) कच्ची रोकड़ बही में ................. सलवटें होती हैं।

(ii) सिरे में .............. लिखी जाती हैं।

(iii) तलपट में ................ स्कन्ध को शामिल नहीं किया जाता है।

(iv) तलपट एक ............ है।

(v) दोहरा लेखा प्रणाली का प्रथम प्रयोग ............ सन् में किया गया।

उत्तर—(i) आठ, (ii) रकम, (iii) अन्तिम, (iv) विवरण, (v) 1494.

**प्रश्न 2. निम्न में से सत्य/असत्य बताओ—** 5

(i) उदरत खाता स्थाई होता है।

(ii) क्षतिपूरक अशुद्धियों का प्रभाव तलपट पर नहीं पड़ता है।

(iii) ख्याति एक मूर्त सम्पत्ति है।

(iv) मशीनरी एक चल सम्पत्ति है।

(v) प्राप्ति-भुगतान खाता प्रारम्भिक रोकड़ शेष से प्रारम्भ होता है।

उत्तर—(i) असत्य, (ii) सत्य, (iii) असत्य, (iv) असत्य, (v) सत्य।

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 3. एक शब्द में उत्तर दीजिए—** 5

(i) इकहरा लेखा प्रणाली किसके द्वारा प्रयुक्त नहीं की जा सकती है ?

(ii) नाम नकल बही में सलवटें होती हैं।

(iii) किस लेखा प्रणाली की बहियाँ लम्बी होती हैं ?

(iv) प्राप्त-विपत्रों की प्राप्ति किस खाते से होती है ?

(v) इकहरा लेखा प्रणाली में कौन-सी मुख्य पुस्तक रखना आवश्यक है ?

उत्तर—(i) कम्पनी, (ii) छः, (iii) भारतीय बहीखाता प्रणाली, (iv) प्राप्य-विपत्र खाता, (v) रोकड़ पुस्तक।

**प्रश्न 4. सही जोड़ी बनाइए—** 5

| कॉलम 'अ' | कॉलम 'ब' |
|---|---|
| (i) प्राप्ति-भुगतान खाते में किन व्यवहारों का लेखा होता है | (अ) अपूर्ण प्रणाली है |
| (ii) इकहरा प्रविष्टि प्रणाली हिसाब की | (ब) गैर-व्यापारिक संस्थाओं द्वारा |
| (iii) आय-व्यय खाता तैयार किया जाता है | (स) सकल लाभ या सकल हानि |

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

(iv) व्यापार खातों का शेष प्रदर्शित करता है — (द) नकद व्यवहारों का
(v) सम्पत्तियों का दायित्वों पर आधिक्य — (इ) पूँजी

**उत्तर**—(i) → (द), (ii) → (अ), (iii) → (ब), (iv) → (स), (v) → (इ)।

**प्रश्न 5. सही विकल्प चुनकर लिखिए—** 5

**(i) प्रपंजी में कितने कॉलम होते हैं (एक पक्ष में) ?**
(अ) छः कॉलम, (ब) चार कॉलम,
(स) पाँच कॉलम, (द) सात कॉलम।

**(ii) पुस्तपालन की दोहरा लेखा प्रणाली का आविष्कार किसने किया ?**
(अ) विलियम पिकिल्स, (ब) लूकास पैसियोली,
(स) जे. आर. बाटलीबॉय, (द) कोई नहीं।

**(iii) पुस्तपालन है—** http://www.a2zSubjects.com
(अ) कला, (ब) विज्ञान,
(स) कला एवं विज्ञान, (द) इनमें से कोई नहीं।

**(iv) व्यापारी द्वारा अपने निजी खर्च के लिए निकाली गई रकम है—**
(अ) पूँजी, (ब) आहरण,
(स) व्यय, (द) हानि।

**(v) प्राप्ति-भुगतान खाता सारांश होता है—**
(अ) बैंक खाते का, (ब) रोकड़ बही का,
(स) आय-व्यय खाते का, (द) चिट्ठे का।

**उत्तर**—(i) (ब), (ii) (ब), (iii) (स), (iv) (ब), (v) (ब)।

**प्रश्न 6.** लेखांकन की विभिन्न प्रणालियों को समझाइए। 4

***अथवा***

स्टॉक से आप क्या समझते हैं ? इसके प्रकारों को लिखिए।

**प्रश्न 7.** लेखांकन प्रमापों से आप क्या समझते हैं ? 4

***अथवा***

लेखांकन की आधारभूत मान्यताओं का क्या आशय है ?

**प्रश्न 8.** दोहरा लेखा प्रणाली से क्या आशय है ? 4

***अथवा***

प्रमाणक क्या है ?

**प्रश्न 9.** जर्नल (दैनिक पंजी) में लेखे करने के क्या नियम हैं ? 4

***अथवा***

अग्रलिखित व्यवहारों को संदीप की बही में लिखिए—

| **2008** | | **राशि** |
|---|---|---|
| जनवरी 1 | व्यापार प्रारम्भ किया | 1,00,000 |
| जनवरी 7 | फर्नीचर नकद खरीदा | 20,000 |
| जनवरी 8 | माल खरीदा | 10,000 |
| जनवरी 10 | माल बेचा | 2,000 |

**प्रश्न 10.** खतौनी से क्या आशय है ? समझाइए। 4

***अथवा***

अग्रलिखित व्यवहारों को क्रय बही में लिखिए—

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

2008

अगस्त 5 भाई देवेश से 5,000 रु. का माल 10% व्यापारिक बट्टे पर खरीदा

अगस्त 10 भाई कमल से 3,000 रु. का माल 10% व्यापारिक बट्टे पर खरीदा

**प्रश्न 11.** लघु या खुदरा (Petty) रोकड़ बही क्या है ? 5

*अथवा*

निम्नलिखित व्यवहारों को एक खाने वाली रोकड़ बही में लिखिए—

| 2008 | | रु. |
|---|---|---|
| अप्रैल 1 | रोकड़ हाथ में | 5,610 |
| अप्रैल 5 | अभय से रोकड़ प्राप्त हुई | 2,100 |
| अप्रैल 10 | इशान को नकद भुगतान किया | 670 |
| अप्रैल 15 | नकद विक्रय | 2,600 |
| अप्रैल 25 | बैंक में रोकड़ जमा किया | 3,500 |
| अप्रैल 28 | माल नकद खरीदा | 1,800 |
| अप्रैल 29 | फर्नीचर खरीदा व नकद भुगतान | 2,300 |
| अप्रैल 30 | किराया नकद दिया | 1,200 |

**प्रश्न 12.** रोकड़ बही के अनुसार बैंक अधिविकर्ष 1,600 रु. 31 मार्च, 2008 को था। बैंक समाधान विवरण बनाइए— 5

**(i)** 2,000 रु. के चेक बैंक में जमा कराये परन्तु उनका संग्रह नहीं हुआ।

**(ii)** पासबुक में अधिविकर्ष पर व्यय के 80 रु. नाम किये गये हैं।

**(iii)** 500 रु. का चेक जो संग्रह हेतु बैंक भेजा गया और बैंक ने इसे क्रेडिट भी कर दिया किन्तु रोकड़ बही में उसकी प्रविष्टि लिखने से छूट गई है।

**(iv)** 200 रु. पासबुक में गलत नाम किये गए।

*अथवा*

बैंक समाधान विवरण किसे कहते हैं ? यह क्यों बनाया जाता है ?

**प्रश्न 13.** विनिमय-विपत्र में कौन-कौन पक्षकार होते हैं ? 5

*अथवा*

1 दिसम्बर, 2008 को गोवर्धन ने कमल को 10,000 रु. का माल बेचा। उसी दिन उसने 2 माह अवधि वाला 10,000 रु. का एक विपत्र लिखा जिसे कमल ने स्वीकार कर लिया। दोनों की बहियों में नकल प्रविष्टियाँ कीजिए।

**प्रश्न 14.** मूल्य ह्रास आय के विरुद्ध समायोजन नहीं अपितु व्यय मात्र है। स्पष्ट कीजिए। 5

*अथवा*

1 जनवरी, 2008 को अभिनव ने एक मशीन 55,500 रु. में खरीदी, जिसका अनुमानित जीवनकाल 5 वर्ष तथा अवशिष्ट मूल्य 5,500 रु. आँका गया। वार्षिक ह्रास की गणना कीजिए तथा दो वर्ष का मशीन खाता बनाइए।

**प्रश्न 15.** आयोजन व संचय में अन्तर कीजिए। 5

*अथवा*

संचय कितने प्रकार के होते हैं ? समझाइए।

**प्रश्न 16.** "तलपट शुद्धता का अकाट्य प्रमाण नहीं है।" समझाइए। 6

*अथवा*

उचन्त/उदरत खाता क्या है और क्यों बनाया जाता है ?

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 17.** अन्तिम स्कन्ध का मूल्यांकन कैसे किया जाता है ? समझाइए। **6**

***अथवा***

निम्नलिखित शेषों से 30 जून, 2008 को समाप्त वर्ष का व्यापार खाता तैयार कीजिए—

| | रु. |
|---|---|
| प्रारम्भिक रहतिया | 10,000 |
| क्रय | 40,000 |
| विक्रय | 80,000 |
| क्रय वापसी | 2,000 |
| विक्रय वापसी | 3,000 |
| मजदूरी | 7,000 |
| गाड़ी भाड़ा | 2,000 |
| कोयला शक्ति | 1,000 |
| चुंगी | 1,500 |
| अन्तिम रहतिया | 20,000 |

**प्रश्न 18.** आय-व्यय खाता किसे कहते हैं ? आय-व्यय खाता क्यों और किसके द्वारा तैयार किया जाता है ? **6**

***अथवा***

31 दिसम्बर, 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष के एक साहित्य समिति के निम्नलिखित विवरण हैं—

प्राप्त चंदा 1,100 रु.; विनियोग पर व्यय 380 रु.; भाषण से आय 2,320 रु.; किराया दिया 210 रु.; फुटकर व्यय 100 रु.; विज्ञापन व्यय 210 रु.; छपाई व्यय 125 रु.।

समिति के पास नेशनल लाइब्रेरी के 1,000 रु. वाले दस 4% ऋणपत्र हैं। 31 दिसम्बर को 80 रु. किराये तथा 95 रु. छपाई पर अदत्त हैं। आय-व्यय खाता बनाइए।

**प्रश्न 19.** "इकहरा लेखा प्रणाली लेखाकर्म की अवैज्ञानिक प्रणाली है।" समझाइए। **6**

***अथवा***

इकहरा लेखा प्रणाली की विशेषताएँ लिखिए।

**प्रश्न 20.** भारतीय बहीखाता प्रणाली एवं अंग्रेजी लेखा प्रणाली में अन्तर लिखिए। **6**

***अथवा***

निम्न सौदों के आधार पर मिती अगहन बदी संवत् २०५५, दिनांक ६ दिसम्बर, १९९८ को सर्वश्री नरेन्द्र एण्ड अर्पित कम्पनी की कच्ची रोकड़ बही बनाइए—

६००) रोकड़ बाकी थे। ५००) का माल अजय से खरीदा और उन्हें ३००) का भुगतान किया। अरू को २००) चुकाए। ५०) किराया व २०) स्टेशनरी व्यय हुआ। सीमा को ७००) का माल बेचा और उनसे ५००) प्राप्त हुए। १०) फुटकर व्यय हुआ।

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com